


RNI No.: UPHIN/25/A1697

GARVI GUJARAT

# गरवी गुजरात

गरवी गुजरात

लखनऊ से प्रकाशित दैनिक

वर्ष : 01
अंक : 163
दि. 12.10.2025,
रविवार
पाना : 04
किंमत : 00.50 पैसा

EDITOR : ASHWANI KUMAR Regd. Office: TF-01, Nanakram Super Market,Ramnagar,Sabarmati, Ahmedabad-380 005. Gujarat, India.

Phone : 90163 33307 (M) 93283 33307, 98253 33307 • Email : garvigujarat2007@gmail.com • Email : garvigujarat2007@yahoo.com • Website : www.garvigujarat.co.in


## 'अमेरिका के लिए भारत से संबंध बेहद अहम', पीएम मोदी से मुलाकात के बाद बोले राजदूत सर्जियो गोर

(जीएनएस)।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के करीबी सहयोगी सर्जियो गोर 6 दिवसीय दौरे पर भारत पहुंचे हैं. उन्हें ट्रंप प्रशासन ने भारत में अमेरिका का अगला राजदूत नियुक्त किया है, जिसे अमेरिकी सीनेट ने भी मंजूरी दे दी है. गोर ने आधिकारित तौर पर पदभार ग्रहण करने से पहले नई दिल्ली में पीएम मोदी और विदेश मंत्री जयशंकर

भारत में अमेरिका के मनोनीत राजदूत सर्जियो गोर ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की. भारत में अमेरिका के मनोनीत राजदूत सर्जियो गोर ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की.

उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपना एक महान और व्यक्तिगत मित्र मानते हैं. सर्जियो गोर ने यह भी कहा कि अमेरिका, भारत के साथ अपने संबंधों को महत्व देता है.

सर्जियो गोर की यह टिप्पणी ट्रंप प्रशासन द्वारा भारतीय आयात पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने के कारण भारत-अमेरिका संबंधों में तनाव के बीच आई है. गोर ने पोस्ट में कहा, 'प्रधानमंत्री मोदी के साथ मेरी मुलाकात अद्भुत रही. हमने डिफेंस, ट्रेड और टेक्नॉल्जी सहित द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की. हमने महत्वपूर्ण खनिजों के महत्व पर भी चर्चा की.' अमेरिकी सीनेट द्वारा भारत में अमेरिकी दूत के रूप में उनकी नियुक्ति की पुष्टि के बाद, सर्जियो गोर नई दिल्ली की छह दिवसीय यात्रा पर हैं.



प्रधानमंत्री मोदी ने भी पर एक पोस्ट में सर्जियो गोर से हुई मुलाकात के बारे में जानकारी दी. उन्होंने कहा, 'भारत में अमेरिका के मनोनीत राजदूत सर्जियो गोर का स्वागत करते हुए मुझे खुशी हुई. मुझे विश्वास है कि उनका कार्यकाल भारत-अमेरिका की साझेदारी को और मजबूत करेगा.' इससे पहले दिन में सर्जियो गोर ने विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ बैठक की थी.


जयशंकर ने सोशल मीडिया पर कहा, 'आज नई दिल्ली में अमेरिका के भारत में मनोनित राजदूत सर्जियो गोर से मिलकर खुशी हुई. उनके साथ भारत-अमेरिका संबंधों और इसके वैश्विक महत्व पर चर्चा हुई. मैं उन्हें उनकी नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देता हूं.' गोर ने भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री से भी मुलाकात की. मिस्री ने राजदूत गोर को भारत में उनके सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं.

## यूपीः सीएम योगी बोले एक रहेंगे तो अनेक होंगे, बटेंगे तो कटेंगे, भविष्य में बड़ी लड़ाई लड़ने के लिए रहें तैयार

(जीएनएस)।

लखनऊ, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को हथियाराम मठ परिसर में प्रबुद्धजन संवाद संगम में विपक्ष पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि जो समाज बंटता है, वह कटता है, एक रहेंगे तो अनेक रहेंगे। इसलिए हमें एकजुट रहकर राष्ट्रहित में कार्य करना होगा। त्रेता युग से लेकर आज तक गाजीपुर की धरती आध्यात्मिक चेतना की वाहक रही है। यह भूमि संतों, महर्षियों और वीरों की तपोस्थली रही है। ब्रह्मर्षि विश्वामित्र का उदाहरण देते हुए सीएम ने कहा कि आतंक की पहचान करने वाले वे पहले मनीषी थे, जैसे त्रेता युग में उन्होंने बक्सर में राक्षसों के अंत के लिए अनुसंधान किया था, वैसे ही आज भाजपा की सरकार में दंगाइयों और माफिया के खात्मे के लिए अनुसंधान हो रहा है।

वहीं, भुड़कुड़ा मठ में कांग्रेस और सपा का बिना नाम लिए मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की ओर से रचित संविधान में धर्म निरपेक्ष शब्द नहीं था, लेकिन पूर्व की सरकारों ने इसे चोरी छिपे



संविधान जोड़ दिया। परिवारवाद, जातिवाद, धर्म व भाषा से परे रहे कर भविष्य में आने वाली बड़ी राजनीतिक लड़ाई के लिए सभी को तैयार रहना होगा।

मंच से निषादराज गुह और मतंग ऋषि की शिष्या शबरी का जिक्र कर दलितों व निषादों को साधा। कहा कि डबल इंजन की सरकार में विकास का पहिया लगातार घूम रहा है और उत्तर प्रदेश तेजी से समृद्धि के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति की तरह धरती की भी अपनी प्रकृति होती है और हमारी सनातन परंपरा उसी प्रकृति और समृद्धि का प्रतीक है।

जो भारत की आत्मा यानी सनातन संस्कृति से जुड़े रहेंगे, वही विकास और सम्मान की राह पर आगे बढ़ेंगे। सीएम ने अयोध्या और वहां श्रीराम मंदिर परिसर में कराए गए कार्यों का 11 बार जिक्र किया।

इस अवसर पर महामंडलेश्वर भवानी नंदन यति, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, प्रभारी मंत्री रविंद्र जयसवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश राय आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### एयर इंडिया फ्लाइट में आई खराबी के कारण दुबई डायवर्ट, पायलट ने रात में मैन्युअल तरीके से उड़ान भरी

एयर इंडिया के एक ड्रीमलाइनर फ्लाइट में आई तकनीकी खराबी के चलते वियना से दिल्ली आते समय दुबई डायवर्ट करना पड़ा। यह घटना



गुरुवार रात को रात बोइंग 787 विमान के साथ हुई। विमान की ऑटो पायलट रीसेट होने के बाद विमान ने दोबारा दिल्ली के लिए उड़ान भरी और शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा।

एयर इंडिया का कहना है कि विमान में सुरक्षा संबंधी कोई समस्या नहीं थी, लेकिन यह एक हफ्ते के भीतर ड्रीमलाइनरों के साथ हुई दूसरी ऐसी घटना थी।

## नेपाल के राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में किए गए भर्ती



नेपाल के राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल को शनिवार, 11 अक्टूबर को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण मनमोहन कार्डियोथोरेसिक, वास्कुलर और ट्रांसप्लांट सेंटर में भर्ती कराया गया। अस्पताल ने बताया कि राष्ट्रपति का स्वास्थ्य वर्तमान में स्थिर है और उन्हें लगातार चिकित्सा निगरानी में रखा गया है। अस्पताल की ओर से जारी बयान में कहा गया, " राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल को स्वास्थ्य समस्याओं के बाद इस केंद्र में उपचार के लिए भर्ती किया गया है।

## 'स्वच्छता ही सेवा 2025' अभियान में उल्लेखनीय कार्य के लिए अहमदाबाद को 'श्रेष्ठ जिला' को अवॉर्ड प्राप्त हुआ

### मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल के करकमलों से अहमदाबाद जिले को स्वच्छता का 'नॉन-ट्राइबल श्रेष्ठ जिला' अवॉर्ड दिया गया

गांधीनगर, 11 अक्टूबर : भारत सरकार के स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत राज्यभर में आयोजित हुए 'स्वच्छता ही सेवा 2025' अभियान में अहमदाबाद जिले ने उल्लेखनीय कामकाज कर समग्र राज्य में अनूठा स्थान प्राप्त किया है।

मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल के करकमलों से अहमदाबाद जिले को 'नॉन-ट्राइबल श्रेष्ठ जिला' का अवॉर्ड प्रदान किया गया है।

इस अवसर पर अहमदाबाद जिला ग्रामीण विकास अभिकरण



(डीआरडीए) के निदेशक श्री एम. एम. देसाई का विशेष सम्मान किया गया, जो जिले के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों तथा ग्रामीणजनों के संयुक्त परिश्रम का परिणाम है।

यहाँ उल्लेखनीय है कि अहमदाबाद जिले को मिला यह पुरस्कार केवल प्रशस्ति पत्र नहीं है, अपितु एक प्रेरणा का प्रतीक है कि किस प्रकार संकल्प, समर्पण एवं संयुक्त प्रयासों से किसी भी अभियान को लोक कल्याण में बदला जा सकता है।

## जेपी नड्डा से मिले मांझी, एनडीए सीट शेयरिंग फॉमूर्ले से हैं नाराज

(जीएनएस)।


बिहार विधानसभा चुनावों के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में सीट-बंटवारे का फॉमूर्ला अभी तक अंतिम रूप नहीं ले पाया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, हिंदुस्तान अवाम मोर्चा (हम) के नेता जीतनराम मांझी इस फॉमूर्ले से असंतुष्ट हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार उनकी पार्टी ने भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व को 15 पसंदीदा सीटों की सूची सौंपी है।

हम के संरक्षक और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने शनिवार को नई दिल्ली में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात कर अपनी मांगों से अवगत कराया है। सूत्रों के मुताबिक, इस बैठक के बाद भी मांझी की नाराजगी दूर नहीं हुई है, क्योंकि वे सीट शेयरिंग के प्रस्तावित फॉमूर्ले से असहमत हैं वो बगावती तेवर दिखा सकते हैं।

हालांकि बिहार भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने दावा किया है कि एनडीए में शामिल सभी पार्टियों के बीच सब ठीक है और सीट बंटवारे की घोषणा आज या कल सुबह 11 बजे तक हो जाएगी।

मांझी नहीं छोड़ेगे अपनी जीती हुई सीट

याद रहे चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) भी कुछ सीटों पर अपनी दावेदारी पेश कर रही



है, जिससे 'हम' और लोजपा (रा) के बीच सीटों को लेकर गतिरोध बना हुआ है। मांझी ने स्पष्ट कर दिया है कि उनकी पार्टी किसी भी कीमत पर जीती हुई सीटों को छोड़ने को तैयार नहीं है।

चिराग पासवान के कारण बढ़ा गतिरोध

पिछली बार 'हम' ने सात सीटों पर चुनाव लड़ा था, जिनमें गया जिले की बाराचट्टी, टिकारी और इमामगंज, और जमुई की सिकंदरा सीट पर जीत हासिल की थी। चिराग पासवान की एलजेपी का एनडीए में शामिल होने से इस बार सीटों का समीकरण उलझ गया है।

क्योंकि सूत्रों के अनुसार चिराग पासवान की पार्टी 'हम' की जीती हुई इमामगंज और सिकंदरा सीटों की मांग कर रही लेकिन हम जीती सीट नहीं छोड़ेगी। मांझी ने जिन 15 सीटों की सूची सौंपी है उसमें बिहार के गया जिले की विधानसभा सीटों की संख्या अधिक है।

मांझी की पार्टी ने इन सीटों पर लड़ा चुनाव

पिछली बार 'हम' ने बाराचट्टी, टिकारी, इमामगंज और सिकंदरा के अलावा जहानाबाद की मखदुमपुर, औरंगाबाद की कुटुम्बा और पूर्णिया की कस्बा सीट पर भी उम्मीदवार उतारे थे। इस बार पार्टी ने गया की गुरारू, अतरी और बोधगया सीटों के साथ-साथ सिमरी बख्तियारपुर और बखरी जैसी सीटों पर भी दावेदारी की है।

एनडीए में क्या होगा सीट शेयरिंग फॉमूर्ला?

एनडीए सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, जनता दल (यूनाइटेड) लगभग 101-102 सीटों पर चुनाव लड़ सकती है, जबकि भाजपा एक सीट कम पर मैदान में उतरेगी। इस बीच, मांझी के किसी बड़े राजनीतिक कदम उठाने की अटकलें लगाई जा रही हैं। 'हम' नेतृत्व ने अपने सभी नेताओं से विधानसभा चुनाव में संभावित भूमिका पर राय मांगी है। कहा जा रहा है कि अगर एनडीए में सीट बंटवारे पर सहमति नहीं बनती है, तो मांझी 15 से 20 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतार सकते हैं।

रविवार को हो सकता बड़ा ऐलान

इससे पहले, शनिवार को नई दिल्ली में सीट-बंटवारे पर चर्चा के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, राज्य इकाई के अध्यक्ष दिलीप जायसवाल और गठबंधन के सहयोगी शामिल थे। भाजपा ने बताया था कि एनडीए के सभी सहयोगियों के साथ सीट-बंटवारे की घोषणा रविवार तक की जा सकती है।

## बिहार में राजनीतिक विस्फोट की आहट! चुनाव से ठीक पहले आरएलोपी के विलय की खबर ने मचा दिया हड़कंप

(जीएनएस)।

बिहार की राजनीतिक गलियारों में इन दिनों एक बड़ा उलटफेर होने की संभावना है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, राष्ट्रीय जनता दल (RJD) ने केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस और उनकी पार्टी राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (RLJP) को अपने दल में विलय करने का प्रस्ताव दिया है। इस महत्वपूर्ण पेशकश पर विचार करने के लिए रविवार (12 अक्टूबर) को सुबह 11 बजे पटना में अपनी पार्टी की एक आपात बैठक बुलाई है।

इस महत्वपूर्ण बैठक में RLJP के भविष्य पर फैसला लिया जाएगा। मुख्य चर्चा इस बात पर केंद्रित होगी कि क्या पार्टी को राजद में विलय कर देना चाहिए, या इस विधानसभा चुनाव में अपने दम पर लड़ना चाहिए। यदि गठबंधन का रास्ता चुना जाता है, तो दोनों दलों के बीच सीटों के बंटवारे के फॉमूर्ले पर भी बात होगी।

ABP की रिपोर्ट के अनुसार सूत्रों के हवाले से खबर है कि पशुपति पारस अपनी पार्टी के लिए कुल 8 विधानसभा सीटों की मांग पर अड़े हुए हैं। वहीं, राजद नेता तेजस्वी यादव केवल 2 सीट देने को तैयार हैं, जिससे दोनों पक्षों के बीच खींचतान जारी है। पारस का कहना है कि वे बिना उचित और सम्मानजनक सीटों की हिस्सेदारी के किसी भी समझौते के मूड में नहीं हैं, क्योंकि यह उनकी राजनीतिक साख का सवाल है।



किन सीटों की है डिमांड?

रिपोर्ट के अनुसार, पारस की पार्टी ने कुछ खास सीटों पर जोर दिया है। इसमें बाहुबली नेता और पूर्व सांसद सूरजभान सिंह के लिए लखीसराय और मोकामा सीटों की मांग शामिल है। इसके अलावा, पारस अपने परिवार के लिए अलौली और राजापाकर सीटें भी चाहते हैं, जहां से वह अपने बेटे यशराज और भतीजे प्रिंस राज पासवान को चुनावी मैदान में उतारने की तैयारी में हैं।

हालांकि, राजद की ओर से संकेत मिल रहे हैं कि पार्टी विलय के लिए तैयार है, लेकिन सीटों का समझौता आसान नहीं होगा। तेजस्वी यादव गठबंधन के आंतरिक संतुलन को बिगाड़ना नहीं चाहते, इसलिए वह पारस को दो सीटों से अधिक देने के पक्ष में नहीं हैं।

फ्छखढ की कल की बैठक से यह साफ हो जाएगा कि पशुपति पारस विलय का रास्ता चुनते हैं या चुनाव में स्वतंत्र रूप से उतरने का ऐलान करते हैं।

दूसरी ओर बिहार में विधानसभा चुनाव के पहले चरण की अधिसूचना जारी हो चुकी है। इसके साथ ही, पहले चरण की 121 विधानसभा सीटों के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। चुनाव आयोग ने नामांकन केंद्रों के आसपास कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के लिए विशेष निर्देश जारी किए हैं। नामांकन परिसर के अंदर या आसपास भीड़भाड़ की अनुमति नहीं होगी।

## देश के किसानों को 35,440 करोड़ का दिवाली गिफ्ट, पीएम मोदी ने लॉन्च की ये 2 योजनाएं, ऐसे बदलेगी किस्मत

(जीएनएस)।


प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कृषि क्षेत्र के लिए 35,440 करोड़ रुपये की दो प्रमुख योजनाओं का शुभारंभ किया. इनमें आयात पर निर्भरता कम करने के लिए एक दाल मिशन शामिल है. यह कार्यक्रम समाजवादी नेता जयप्रकाश नारायण की जयंती के अवसर पर आयोजित किया गया. उन्होंने कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्रों में 5,450 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया. साथ ही लगभग 815 करोड़ रुपये की अन्य परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी.

'दलहन आत्मनिर्भरता मिशन' के लिए 11,440 करोड़ रुपये खर्च किया जाएगा और इसका लक्ष्य फसल वर्ष 2030-31 तक दलहन उत्पादन को मौजूदा 252.38 लाख टन से बढ़ाकर 350 लाख टन करना और देश की आयात निर्भरता को कम करना है.

ये भी पढ़ें

'मेरी बहन को घसीटा, फिर कपड़े फाड़े, मैं कुछ न कर सका...', क्ळइढ कमांडेंट का सुसाइड नोट पढ़ आ जाएंगे आंसू, होगी थानेदार की गिरफ्तारी

अफगान विदेश मंत्री के भारत दौरे से ढअङ को लगी मिर्ची, खोला झूठ का पिटारा



किसानों को ढट मोदी का 'दिवाली गिफ्ट', लॉन्च की करोड़ों की स्कीम

इसके अलावा 24,000 करोड़ रुपये की 'प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना' का मकसद कम प्रदर्शन करने वाले 100 कृषि जिलों का कायाकल्प करना है. यह योजना उत्पादकता बढ़ाने, फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने, सिंचाई और भंडारण में सुधार लाने और चुनिंदा 100 जिलों में आसानी से ऋण देने पर केंद्रित होगी. दोनों योजनाओं को मंत्रिमंडल की मंजूरी पहले ही मिल चुकी है और ये आगामी रबी सत्र से लेकर 2030-31 तक चलेंगी.

प्रधानमंत्री की ओर से उद्घाटन की गई परियोजनाओं में बेंगलुरु और जम्मू-कश्मीर में कृत्रिम गभाधार्न प्रशिक्षण केंद्र, अमरेली और बनास में उत्कृष्टता केंद्र, राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत असम में एक आईवीएफ प्रयोगशाला, मेहसाणा, इंदौर और भीलवाड़ा में दूध पाउडर संयंत्र और तेजपुर में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत एक मछली चारा संयंत्र शामिल हैं.

कार्यक्रम के दौरान मोदी ने राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के तहत प्रमाणित किसानों, मैत्री तकनीशियनों और प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्रों (पीएमकेएसके) तथा सामान्य सेवा केंद्रों (सीएससी) में परिवर्तित प्राथमिक कृषि सहकारी ऋण समितियों (पीएसीएस) को प्रमाण पत्र भी दिए. इस कार्यक्रम में सरकारी पहलों के तहत हासिल की गई महत्वपूर्ण उपलब्धियों को चिह्नित किया गया, जिसमें 10,000 किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) में 50 लाख किसान सदस्यता शामिल हैं.




# सम्पादकीय

## आत्मघाती टैरिफ नीति

आत्मघाती टैरिफ नीति अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप विश्व व्यापार युद्ध को भड़काने में लगे हैं किन्तु वह अपने ही नागरिकों को इस युद्ध का शिकार बना रहे हैं। मौजूदा वक्त में ट्रंप ने चीन से अमेरिका के लिए निर्यात होने वाले उत्पादों पर 30 प्रातिशत का टैरिफ लगा रखा है जबकि चीन ने अमेरिका के उत्पादों पर 10 प्रातिशत। लेकिन शनिवार को अमेरिका ने चीन के सभी उत्पादों पर 100 प्रातिशत अतिरिक्त टैरिफ ठोंक कर, एक बार फिर व्यापार युद्ध की आग में घी डाल दिया, परिणामस्वरूप विश्व व्यापार विलेज की धारणा ही बदल गई। चीन पर लगे इस अतिरिक्त टैरिफ के बाद तो चीन पर वुल 130 प्रातिशत का ट्रंप टैरिफ हो गया।

दरअसल अमेरिका और चीन के बीच टैरिफ पर वार्ता तो चल ही रही थी किन्तु जिस तरह अमेरिकी वातार्कार अपनी शर्ते दूसरे पक्ष पर थोपते हैं, उससे साफ जाहिर होता है कि अमेरिका दादागिरी के बल पर टैरिफ बढ़ाता-घटाता है। ट्रंप की दादागिरी के जवाब में कई देशों ने अमेरिका को निर्यात करने वाली वस्तुओं पर रोक लगाकर अमेरिकी उपभोक्ताओं के सामने मुश्किलें खड़ी कर दी। अमेरिकी उपभोक्ता भी मानते हैं कि सारी फसाद की जड़ में ट्रंप के दिमाग में टैरिफ बढ़ाने का खुराफाती विचार है।

पहले ब्राजील ने अमेरिका को कॉफी निर्यात करना बंद कर दिया फिर भारत और चीन ने सोयाबीन निर्यात को रोक दिया। लेकिन चीन ने जब देखा कि ट्रंप टैरिफ सौदेबाजी कर रहे हैं तब उसने रेयर अर्थ एलीमेण्ट्स यानि दुर्लभ खनिज पदार्थ अमेरिका को दी जाने वाली आपूर्ति की मात्रा में ज्यादा कटौती कर दी। ये दुर्लभ खनिज पदार्थ इलेक्ट्रानिक वाहन, स्मार्ट फोन, रक्षा और नवीकरणीय ऊर्जा उद्योगों के लिए अत्यन्त आवश्यक हैं। ट्रंप का चीन पर आरोप है कि वह दुनिया को बंधक बना रहा है और अपनी सप्लाई चेन की ताकत का दुरुपयोग कर रहा है। मतलब यह कि जब अमेरिका चीन के वातार्कारों से अपनी शर्त नहीं मनवा पाए तो राष्ट्रपति ट्रंप भन्नाए और उन्होंने चीन पर 100 प्रातिशत अतिरिक्त टैरिफ ठोंकने का आत्मघाती पैसला लिया, जिसका परिणाम यह हुआ कि वैश्विक शेयर बाजार में जबरदस्त गिरावट आई। एनएएसडीएक्यू यानि नेशनल एसोसिएशन ऑफ सिक्योरिटीज डीलर्स आटोमेटेड कोटेशन्स में 3.6 प्रातिशत तो एस एण्ड पी 5000 में 2.7 प्रातिशथ की गिरावट आ गई। अप्रौल के बाद वाल स्ट्रीट का यह दिन सबसे खराब साबित हुआ। ट्रंप ने तो यहां तक कह दिया कि वह राष्ट्रपति शी जिन पिग से मिलना चाहते थे किन्तु अब मिलने की कोई जरूरत नहीं है।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि ट्रंप की टैरिफ नीति अच्छी होती तो वॉल स्ट्रीट अमेरिका का आखिर क्यों पस्त होता? इसका मतलब है कि ट्रंप नीति ही आत्मघाती है। सभी व्यापारिक पार्टनर से ट्रंप ने पंगे ले रखा है।

अच्छा भला व्यापारिक माहौल सामंजस्यपूर्ण बना हुआ था किन्तु ट्रंप ने इस व्यवस्था को तहस-नहस कर दिया। किसी भी सरकार का ज्यादा से ज्यादा राजस्व एकत्र करने का अधिकार है, लेकिन उस सरकार को इस बात पर भी तनिक ध्यान देना चाहिए कि यदि निर्यात देशों की सरकार से आने वाले उत्पादों का निर्यात बिल्वुल कम मात्रा में कर दे तो अमेरिकी नागरिकों की कितनी दयनीय स्थिति हो जाएगी। किन्तु ट्रंप ने सब वुछ चौपट कर दिया।

ट्रंप के टैरिफ सनक से अमेरिकी उपभोक्ताओं को तो महंगाई से जूझना पड़ ही रहा है, दुनिया के तमाम देश इस बात को मान रहे हैं कि टैरिफ को जिस तरह राजनीतिक हथियार बनाकर ट्रंप ने अपने दोस्त और दुश्मनों को सबक सिखाने के लिए लागू किया है, उससे एक बात तो साफ है कि अमेरिकी उपभोक्ता ट्रंप की नासमझी को ही सारी समस्याओं की जड़ मानते हैं।

बहरहाल ट्रंप खुद को अमेरिका का सम्राट मानते हैं जबकि लोकतांत्रिक प्राव्रिया की जो सुव्यवस्थित परिपाटी वहां सुनिाित हो चुकी है उसको बाधित करके ट्रंप ने अपने देश की जनता को वंगाली के महाअंध वूप में धकेल दिया है। ट्रंप ने अपनी जनता को झूठ की पुड़िया पेश की कि जो टैरिफ नीति लाए हैं उससे तो राजस्व इतना एकत्र होगा कि अमेरिका एक बार फिर महान और धनवान बन जाएगा।

# विकास सप्ताह (पंचायती राज दिवस): 'समरस से समृद्ध' हो रहीं गुजरात की पंचायतें, 24 वर्षों में 15,500 पंचायतें बनीं 'समरस', ₹351 करोड़ का मिला अतिरिक्त अनुदान

- तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 29 अक्टूबर 2001 को गुजरात में लागू हुई थी समरस ग्राम योजना
- राज्य में अब तक 828 महिला समरस पंचायतें भी बनीं, इन्हें और ज्यादा मिलती है आर्थिक मदद
- विकास सप्ताह के दौरान राज्य के 34 जिलों के ग्रामीण पंचायतों में होंगे 918 कार्यक्रम
- उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सखी मंडलों और विभिन्न श्रेणियों में जिलों का सम्मान और स्थानीय उत्पादों का प्रदर्शन

गांधीनगर, 11 अक्टूबर: 7 अक्टूबर 2001 को श्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेकर प्रशासन के माध्यम से जनसेवा की प्रेरणादायक यात्रा शुरू की, जो इस वर्ष 24 वर्षों का गौरवपूर्ण पड़ाव पूरा कर रही है। इसी अवसर पर मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में गुजरात सरकार 7 से 15 अक्टूबर तक राज्यव्यापी 'विकास सप्ताह' मना रही है, जिसमें से आज का दिन यानी 11 अक्टूबर पंचायती राज व्यवस्था और ग्राम स्तर पर सहभागिता को समर्पित है।








क्या है गुजरात का समरस ग्राम योजना मॉडल और क्यों है सबसे खास?

उल्लेखनीय है कि श्री नरेंद्र मोदी के गुजरात के मुख्यमंत्री बनने के कुछ ही दिनों में 29 अक्टूबर 2001 को गुजरात में समरस ग्राम योजना को लागू किया गया था जिसने आज गुजरात के ग्रामीण व पंचायत व्यवस्था का कायापलट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। गुजरात की 'समरस ग्राम योजना' ग्रामीण लोकतंत्र का सफल मॉडल है, जिसमें ग्राम के सभी वार्ड सदस्य और सरपंच सर्वसम्मति से निर्विरोध चुने जाते हैं। इससे चुनाव में समय व संसाधन बचते हैं और विकास कार्य तेजी से होते हैं। निर्विरोध पंचायतें 'समरस ग्राम पंचायत' कहलाती हैं, और यदि सभी सदस्य महिलाएं हों तो 'महिला समरस ग्राम पंचायत'।

समरस ग्रामों को राज्य सरकार की ओर से विकास कार्यों के लिए सामान्य आवंटन से अतिरिक्त वित्तीय सहायता दी जाती है जिससे उनके यहाँ बुनियादी सुविधाएँ बेहतर हों। पिछले 24 वर्षों में राज्य सरकार ने समरस पंचायतों को ₹351.20 करोड़ का अतिरिक्त अनुदान दिया है, जिसमें हाल ही में डेढ़ गुना की वृद्धि भी की है।

2001 से अब तक 15,553 ग्राम पंचायतें 'समरस' बनीं, 828 महिला समरस पंचायतें

पंचायत विभाग के एडिशनल डेवलपमेंट कमिश्नर और विकास सप्ताह के तहत पंचायत विभाग दिवस के लिए स्टेट नोडल ऑफिसर डॉ. गौरव दहिया ने कहा, 'तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ की गई समरस ग्राम योजना ने गुजरात के ग्रामीण विकास और पंचायत व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन लाया है। यह योजना आज राज्य में अत्यंत लोकप्रिय है क्योंकि इससे ग्रामीण पंचायतों को विकास कार्यों के लिए सामान्य आवंटन से अतिरिक्त राशि मिलती है। अब तक 15,553 ग्राम पंचायतें समरस बनी हैं, जिनमें 828 महिला समरस पंचायतें शामिल हैं।'

विकास सप्ताह के दौरान राज्य के 34 जिलों की ग्राम पंचायतों में 918 कार्यक्रमों का आयोजन

इस विकास सप्ताह में पंचायत विभाग के 24 वर्षों के कार्यों के उत्सव के संदर्भ में डॉ. गौरव दहिया ने महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा कीं। उन्होंने बताया, 'विकास सप्ताह के अंतर्गत आज यानी 11 अक्टूबर को राज्य सरकार द्वारा विकास रथ के विशेष आयोजन से तीन प्रमुख गाँवों में कार्यक्रम होने जा रहा है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण जीवन में बदलाव लाना और योजनाओं के लाभ सीधे पहुंचाना है। इसके अलावा, राज्य के 34 जिलों में भी 9 दिनों तक विशेष कार्यक्रमों का भी आयोजन होने जा रहा है जिसमें तीन चरणों में कुल 918 कार्यक्रम होंगे। इसमें विभिन्न विभागों के लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिया जाएगा और विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण किया जाएगा।'

विभिन्न श्रेणी में उत्कृष्ट कार्यों के लिए सखी मंडल और जिलों का सम्मान, विभिन्न स्थानीय उत्पादों का भी प्रदर्शन

पंचायत विभाग के एडिशनल डेवलपमेन्ट कमिश्नर डॉ. गौरव दहिया के अनुसार, आज गुजरात लाइवलीहुड प्रमोशन कंपनी लिमिटेड (ऋछढउ) द्वारा सखी मंडलों के उत्कृष्ट कार्यों के सम्मान में विशेष कार्यक्रम में राजकोट से 2, अमलेरी, मोरबी और जूनागढ़ से एक-एक सखी मंडल को भी पुरस्कृत किया जा रहा है। साथ ही, इस अवसर पर गुजरात की विभिन्न सखी मंडलों के उत्पादों और उनके कार्यों के स्टॉल्स का प्रदर्शन भी हो रहा है।

साथ ही, आज के ही दिन स्वच्छता ही सेवा अभियान में उत्कृष्ट योगदान देने वाले जिलों को भी सम्मानित किया।

# लखनऊ में यूनिवर्सिटी छात्रा से बाइक राइड के बहाने शर्मनाक हरकत! सुनसान जगह ले गया ड्राइवर, फिर करने लगा गलत हरकत - जानिए पूरी कहानी

विश्व मीडिया

लखनऊ में यूनिवर्सिटी छात्रा के साथ बाइक ड्राइवर ने छेड़छाड़ की, सुनसान जगह ले गया और गलत हरकत कर मौके से फरार हो गया।

रात की वो राइड जो डरावना सपना बन गई

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई, जिसने शहरवासियों को हिला दिया। यूनिवर्सिटी की एक छात्रा ने घर जाने के लिए एक लोकप्रिय राइड-शेयरिंग ऐप से बाइक बुक की थी। रात के लगभग 10 बजे की बात है, सड़कों पर सन्नाटा पसरा हुआ था और शहर की रोशनी धीरे-धीरे धुंधली पड़ने लगी थी। इसी बीच छात्रा ने ऐप से एक राइड बुक की ताकि वह विश्वविद्यालय से अपने घर सुशांत गोल्फ सिटी जा सके। कुछ ही मिनटों में ड्राइवर पहुंचा — नाम था राहुल अग्निहोत्री, जो देखने में एक सामान्य व्यक्ति लग रहा था, लेकिन उसके इरादे कुछ और ही थे।

'शॉर्टकट' के नाम पर साजिश की शुरूआत

छात्रा ने बताया कि बाइक पर बैठने के बाद कुछ मिनट सब सामान्य रहा। लेकिन जल्द ही राहुल ने अचानक रास्ता बदल दिया। उसने कहा, 'मैडम, इस रास्ते से जल्दी पहुंच जाएंगे, ये शॉर्टकट है।' लेकिन यह शॉर्टकट असल में एक जाल था। बाइक शहर की भीड़ से दूर होती जा रही थी और धीरे-धीरे सड़कें सुनसान होती गईं। युवती को शक हुआ तो उसने ड्राइवर से पूछा कि वह कहां जा रहा है। राहुल ने पहले तो हंसकर बात टाल दी, लेकिन कुछ ही देर बाद उसका असली चेहरा सामने आया।



छेड़खानी और गलत हरकत - छात्रा ने दिखाई हिम्मत

राहुल ने पहले युवती से बेहूदा बातें शुरू कीं, फिर उसने बाइक रोककर उसके साथ गलत हरकत की कोशिश की। उसने युवती को अनुचित तरीके से छूने की कोशिश की और आपत्तिजनक टिप्पणियां कीं। छात्रा ने हिम्मत दिखाई, जोर से चिल्लाई और ड्राइवर को तुरंत रुकने को कहा। डर के माहौल के बावजूद उसने हार नहीं मानी। जब युवती ने विरोध किया, तो आरोपी ने उसे विवेकानंद अस्पताल के पास उतार दिया और मौके से फरार हो गया।

घबराई छात्रा ने परिजनों को किया फोन

जैसे ही ड्राइवर मौके से भागा, छात्रा ने तुरंत अपने घर फोन लगाया। उसने रोते हुए परिवार को पूरी घटना बताई। परिवार ने उसे शांत कराया और तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने बिना देर किए हरकत में आकर इलाके की नाकेबंदी करवाई और आरोपी की तलाश शुरू कर दी।

पुलिस ने ड्राइवर की पहचान की - तकनीक ने खोला राज

लखनऊ पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू की। छात्रा ने राइड ऐप की बुकिंग डीटेल्स दीं, जिसमें बाइक का नंबर मौजूद था। ई-चालान पोर्टल और वाहन ट्रैकिंग सिस्टम की मदद से पुलिस ने आरोपी की पहचान कर ली। आरोपी का नाम राहुल अग्निहोत्री, निवासी एकतानगर, थाना पीजीआई बताया गया। पुलिस ने उसकी तस्वीरें निकालकर छात्रा को दिखाई, जिसके बाद उसने आरोपी की पहचान की पुष्टि कर दी।

गिरफ्तारी के दौरान भी दिखाया दबंग रवैया

जब पुलिस ने राहुल को पूछताछ के लिए बुलाया तो उसने खुद को निर्दोष बताने की कोशिश की। मगर उसके मोबाइल की लोकेशन और ऐप डेटा ने सब साफ कर दिया। पुलिस के मुताबिक, पूछताछ के दौरान राहुल ने पुलिस टीम से भी उलझने की कोशिश की, लेकिन अंततः उसे काबू कर लिया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

मिशन शक्ति टीम की एंट्री - जांच में जुटी महिला अधिकारी

लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट ने मामले की जांच के लिए मिशन शक्ति टीम को लगाया। टीम में सब-इंस्पेक्टर दीप्ति, रश्मि सिंह और महेश कुमार शुक्ला शामिल हैं। महिला अधिकारियों ने पीड़िता से पूरी घटना की डिटेल ली और उसका बयान दर्ज किया। साथ ही राइड-शेयरिंग कंपनी से आरोपी ड्राइवर के वेरिफिकेशन से जुड़ी जानकारी भी मांगी गई है।

क्या कंपनी ने ड्राइवर की बैकग्राउंड चेक की थी?

पुलिस सूत्रों के अनुसार, अब जांच इस दिशा में भी हो रही है कि कंपनी ने ड्राइवर का वेरिफिकेशन सही तरीके से किया था या नहीं। कई बार ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर बिना पर्याप्त सत्यापन के ड्राइवरों को जोड़ लिया जाता है, जो बाद में गंभीर घटनाओं का कारण बनते हैं। यही वजह है कि पुलिस अब कंपनी की ओर से दी गई जानकारी की जांच कर रही है ताकि यह पता चल सके कि राहुल अग्निहोत्री के खिलाफ पहले कोई शिकायत दर्ज थी या नहीं।

राइड-शेयरिंग ऐप की विश्वसनीयता पर सवाल

यह मामला केवल एक लड़की के साथ हुई छेड़खानी नहीं है, बल्कि यह शहर की सुरक्षा व्यवस्था और ऐप-आधारित ट्रांसपोर्ट सिस्टम पर भी गंभीर सवाल खड़ा करता है। राइड ऐप्स अक्सर यह दावा करते हैं कि उनके ड्राइवर पूरी तरह वेरिफाइड होते हैं, लेकिन जब इस तरह की घटनाएं सामने आती हैं, तो उन दावों की सच्चाई पर शक होता है। लखनऊ जैसे मेट्रो शहर में भी महिलाओं की सुरक्षा पर चिंता जताई जा रही है।

पुलिस ने जारी की चेतावनी

लखनऊ पुलिस ने महिलाओं से अपील की है कि रात में अकेले यात्रा करते समय सावधानी बरतें। पुलिस ने कहा कि किसी भी आपात स्थिति में 112 नंबर या महिला हेल्पलाइन 1090 पर तुरंत संपर्क करें। साथ ही, ऐप से बुकिंग करते समय ड्राइवर की फोटो और वाहन नंबर की स्क्रीनशॉट लेकर परिवार को भेजने की सलाह दी गई है।

छात्रा की बहादुरी बनी मिसाल

इस घटना में सबसे बड़ी बात यह रही कि छात्रा ने डरकर चुप रहने की बजाय तुरंत हिम्मत दिखाई और पुलिस तक मामला पहुंचाया। लखनऊ यूनिवर्सिटी प्रशासन ने भी छात्रा की बहादुरी की सराहना की है और कहा है कि यूनिवर्सिटी प्रशासन छात्रा के साथ खड़ा है। महिला संगठनों ने भी इस घटना की निंदा करते हुए कहा है कि ऐसे मामलों में कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए ताकि कोई भी आरोपी बच न सके।

सुरक्षा का डिजिटल युग में मतलब क्या रह गया है

यह घटना हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि डिजिटल युग में सुरक्षा का क्या अर्थ रह गया है। जब हम मोबाइल ऐप से सफर बुक करते हैं, तो हम यह मान लेते हैं कि तकनीक हमें सुरक्षित रखेगी, लेकिन असलियत इससे अलग है। ऐप का GPS, ड्राइवर का नाम, और राइड का OTP — ये सब कुछ दिखने में सुरक्षित लगता है, लेकिन जब इनकी निगरानी ढीली पड़ जाती है, तब खतरा बढ़ जाता है।

लखनऊ पुलिस ने कहा - किसी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा

पुलिस कमिश्नर लखनऊ ने मीडिया को बताया कि इस तरह के मामलों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। 'महिलाओं की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। आरोपी को जेल भेज दिया गया है और उसके खिलाफ सख्त धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।'

# नेटफ्लिक्स की नई एनिमेटेड सीरीज ने लखनऊ को आनंदित कर दिया

लखनऊ,नेटफ्लिक्स के इस मूविंग थिएटर के लिए जबरदस्त भीड़ उमड़ी, भारत की सबसे महान कथा की भावना हुई पुनः जीवित

लखनऊ, 11 अक्टूबर, 2025: नेटफ्लिक्स का मूविंग थिएटर महाभारत की अमर कथा सुनाते हुए लखनऊ के चंद्रशेखर आजाद पार्क, अलीगंज पहुँचा। यहाँ पर दर्शकों को एयर-कंडीशंड सीटिंग, बड़ी स्क्रीन, थीम्ड गेम्स और मजेदार फोटो जोन के साथ बिल्कुल सिनेमेटिक अनुभव प्राप्त हुआ। नागरिकों को भारत की सबसे महान कथा, महाभारत के बारे में हाल ही में लॉन्च हुई एनिमेटेड सीरीज, कुरुक्षेत्र देखने का अवसर मिला।



इस मूविंग थिएटर को देखने के लिए बहुत तादात में लोग आए। यहाँ पर जश्न का माहौल था। फैंस एक एपिसोड की स्पेशल स्क्रीनिंग देखने के लिए बहुत अधिक उत्साहित थे। उन्होंने किरदारों से प्रेरित हाउजी गेम्स में हिस्सा लिया। उन्हें थीमेटिक उपहार एवं मर्चेंडाईज दिए गए। यह एक यादगार ईवेंट थी। लोगों की सबसे अधिक दिलचस्पी फोटो बूथ में थी, जहाँ एकत्रित होकर वो अपने महत्वपूर्ण क्षणों को कैमरे में कैप्चर करना चाहते थे।

यह ईवेंट सभी उम्र के लोगों को बहुत ज्यादा पसंद आई। यहाँ पर कॉलेज के बच्चों से लेकर परिवारों तक, विभिन्न पीढ़ियों के लोगों ने एकत्रित होकर साहस, धर्म और नियति की यह अमर कहानी देखी। लखनऊ में यह आयोजन नेटफ्लिक्स के मल्टी-सिटी अभियान का हिस्सा था। अब यह मूविंग थिएटर इंदौर, भोपाल और कानपुर होते हुए दर्शकों को भारत की सबसे महान कथा का अनुभव प्रदान करेगा।

नेटफ्लिक्स महाभारत की अमर कहानी एक बार फिर लेकर आया है। इस बार यह कहानी उन 18 योद्धाओं के दृष्टिकोण से पेश की गई है, जो अपने नैतिक द्वंद्व, निर्णयों और नियति से संघर्ष करते हैं। इन किरदारों ने इतिहास की दिशा हमेशा के लिए बदल दी। कुरुक्षेत्र केवल नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है

# सुप्रीम इंडस्ट्रीज ने लखनऊ में लॉन्च किए 'सीरीन' एवं 'सीरीन प्लस' पाइपिंग सिस्टम और कस्टमाइज्ड UPVC विंडो

**उत्तर प्रदेश में 1200 करोड़ रुपये के निवेश से लगभग 1000 लोगों को मिला रोजगार अवसर**

लखनऊ, 11 अक्टूबर 2025: भारत की अग्रणी प्लास्टिक निर्माण कंपनी द सुप्रीम इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने लखनऊ में अपने नवीनतम और तकनीकी रूप से उन्नत उत्पादों — सीरीन (SERENE) एवं सीरीन प्लस (SERENE Plus) लो नॉइज पाइपिंग सिस्टम और कस्टमाइज्ड वढश्उ विंडो — का भव्य शुभारंभ किया यह अत्याधुनिक पाइपिंग सिस्टम M/s Protoplast GmbH & Co. KG (ऑस्ट्रिया) के तकनीकी लाइसेंस के अंतर्गत विकसित किया गया है। कंपनी ने उत्तर प्रदेश के भोगनीपुर (कानपुर) और नोएडा में लगभग ₹1200 करोड़ का निवेश किया है, जिससे प्रदेश में लगभग 1000 लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार प्राप्त हुआ है।





सुप्रीम इंडस्ट्रीज लिमिटेड के सभी उत्पाद 100% रिसाइक्लेबल हैं, जो सतत विकास और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कंपनी की प्रतिबद्धता को दशार्ते हैं।सीरीन और सीरीन प्लस पाइपिंग सिस्टम उच्च गुणवत्ता वाले लो नॉइज पाइपिंग समाधान हैं, जो Fraunhofer द्वारा EN 14366 मानक के तहत परीक्षणित हैं। यह सिस्टम केवल 10 डेसिबल तक की ध्वनि सीमा प्राप्त करता है, जिससे यह ऊँची इमारतों और विला जैसी प्रीमियम परियोजनाओं के लिए आदर्श बनता है। यह पाइपिंग सिस्टम लीक-प्रूफ, टिकाऊ, मजबूत और ध्वनि-रोधक है।

कंपनी द्वारा लॉन्च की गई कस्टमाइज्ड UPVC विंडो अत्याधुनिक यूरोपीय डिजाइन पर आधारित है, जिसमें डिजिटल लॉक, थर्मल इन्सुलेशन, और पूर्ण कस्टमाइजेशन जैसी आधुनिक सुविधाएँ शामिल हैं। इस अवसर पर कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री एम. पी. टपारिया ने कहा —'यह लॉन्च हमारे 46 सिस्टम्स और 15,000 से अधिक उत्पादों की श्रृंखला में एक महत्वपूर्ण नवाचार है। हमें विश्वास है कि यह उत्पाद उद्योग में गुणवत्ता और नवाचार के नए मानक स्थापित करेगा।'कार्यक्रम में सुप्रीम इंडस्ट्रीज के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं व्यापारिक सहयोगी उपस्थित रहे, जिनमें श्री महावीर प्रसाद टपारिया (Managing Director),श्री अशोक कुमार त्रिपाठी (Executive Vice President),

श्री गजानन दिकोंडवार (Associate Vice President - Information & Technology),श्री सौरभ गुप्ता (Plant Head),श्री विकास सिंह यादव (General Manager),

श्री मयूर देसाई (Senior General Manager - Specialty Piping Solutions) — प्रमुख रूप से सम्मि सम्मिलित रहे

# डॉ सुल्तान शाकिर हाशमी के जन्मोत्सव पर सजेगी साहित्यकारों की महफिल

**45वां राष्ट्रीय कलमवीर दिवस का आज होगा आयोजन**

**मुख्य अतिथि के रूप में न्यायमूर्ति अता-उर-रहमान मसूदी,अतिविशिष्ट अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार उदय प्रताप सिंह रहेंगे मौजूद**

**शहर की कई बड़ी हस्तियों का होगा सम्मान, बाढ़ आपदा में मानव सेवा के लिए टीम लखनऊ भी होगी सम्मानित**

लखनऊ।वरिष्ठ साहित्यकार डॉ सुल्तान शाकिर हाशमी के जन्मोत्सव पर साहित्यकारों की महफिल हिंदी संस्थान में सजेगी।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में न्यायमूर्ति अता-उर-रहमान मसूदी,अतिविशिष्ट अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार उदय प्रताप सिंह मौजूद रहेंगे।

कार्यक्रम उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान हजरतगंज में आयोजित है,जिसकी अध्यक्षता प्रोफेसर डॉ. वी. जी. गोस्वामी पूर्व अधिष्ठाता विधि संकाय लखनऊ विश्वविद्यालय करेंगे।कार्यक्रम के अतिविशिष्ट अतिथि डॉ. अम्मार रिजवी,पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश,डॉ. अनीस अंसारी, (आईएएस) पूर्व कुलपति-ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय,प्रोफेसर डॉ. उषा सिन्हा,पूर्व अध्यक्ष भाषा विज्ञान विभाग,प्रोफेसर डॉ. साबिरा हबीब, रूसी भाषा लखनऊ विश्वविद्यालय एवं वरिष्ठ पत्रकार श्री हेमन्त तिवारी, अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति होंगे।

इस अवसर पर कुछ वरिष्ठ साहित्यकार एवं पत्रकार कलमवीर-चक्र सम्मान-2025 से सम्मानित होंगे।वरिष्ठ साहित्यकार पद्माश्री विद्या बिन्दु सिंह, प्रोफेसर डॉ. अजय सिंह, कुलपति, उत्तर प्रदेश मेडिकल साइंसेज विश्वविद्यालय, प्रोफेसर डॉ. मनुका खन्ना, कुलपति, लखनऊ विश्वविद्यालय, वरिष्ठ साहित्यकार श्री अवधेश बहादुर सिंह, वरिष्ठ साहित्यकार श्री अखिलेश मिश्र (आईएएस) अध्यक्ष राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान, वरिष्ठ पत्रकार श्री शरत प्रधान, वरिष्ठ वैज्ञानिक प्रोफेसर जमाल नूसरत, वरिष्ठ साहित्यकार श्री सूर्य कुमार पाण्डेय दिया जा रहा है इसी के साथ कलमवीर-रत्न सम्मान-2025, वरिष्ठ पत्रकार श्री सिद्धार्थ कलहंस, वरिष्ठ साहित्यकार श्री त्रिवेणी प्रसाद दुबे 'मनीष', वरिष्ठ उर्दू शायर श्री मोहम्मद अली 'साहिल', शिक्षाविद् साहित्यकार डॉ अनूप अर्पण, उर्दू शायर श्री शाहबाज तालिब के साथ ही गजल गायक श्री मीथिलेश लखनवी को "भारत रत्न पंडित भीमसेन जोशी सम्मान-2025, वरिष्ठ साहित्यकार श्री रवीन्द्र नाथ तिवारी को "डॉ. रंगनाथ मिश्र 'सत्य' स्मृति सम्मान-2025 के साथ ही पंजाब एवं हिमांचल प्रदेश में बाढ़ पीड़ितों की ऐतिहासिक मदद करने के लिए टीम लखनऊ को सम्मानित किया जाएगा।समाज सेवा के क्षेत्र में अमूल्य योगदान के लिए अमन शांति समिति के साथ ही साथ प्रिन्ट मीडिया वर्किंग जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय सलाहकार श्री सैय्यद गुलाम हुसैन व दंत चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. राधे श्याम यादव को भी सम्मानित किया जाएगा एवं विशेष रूप से समारोह में उपस्थित सभी कलमकार अतिथियों को कलमवीर सम्मान-2025 से सम्मानित किया जाएगा।

समारोह का शुभारंभ डॉ. सुल्तान शाकिर हाशमी द्वारा लिखित गजलें गजल गायक श्री मीथिलेश लखनवी की गायकी से होगा।संचालन डॉ. योगेश गुप्त, डॉ. सुधा मिश्रा द्वारा एवं स्वागत भाषण डॉ. सुल्तान शाकिर हाशमी के द्वारा होगा।समारोह नवसृजन साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था,मीडिया फाउंडेशन,अखिल भारतीय अगीत परिषद एवं अवध साहित्य अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित है।

RNI No.: UPHIN/25/A1697 Published & Owned by AJAYKUMAR RAMANLAL PRAJAPATI and Printed By SUSHILA SHUKLA at Krishna Printiers, 271/31 Chakmaki Dugawa, Rajendranagar, Lucknow-226018, Uttar Pradesh. and Published from 538 GHA/85 Pataurganj, Near Janki Prasad Dharmshala, Sitapur Road, Niralanagar, Lucknow-226020, Uttar Pradesh. Editor : ASHWANI KUMAR

# वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों में दिव्यांगजनों के लिए सुविधाओं में वृद्धि

मुंबई, भारतीय रेल द्वारा समावेशी और सुलभ परिवहन को बढ़ावा देने की दिशा में एक और अहम पहल करते हुए वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों में दिव्यांगजनों के लिए आधुनिकतम सुविधाओं की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध कराई गई है। इन सुविधाओं का उद्देश्य सभी यात्रियों के लिए एक सुरक्षित, सम्मानजनक और आरामदायक यात्रा अनुभव सुनिश्चित करना है, जो सार्वभौमिक सुगम्यता और यात्री सुविधा के प्रति भारतीय रेल की अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, मुंबई सेंट्रल और गांधीनगर के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस दिव्यांगजन यात्रियों के लिए सुगमतापूर्वक चढ़ने और उतरने की सुविधा हेतु इन सुविचारित उपायों का उदाहरण है। व्हीलचेयर का उपयोग करने वाले यात्रियों के लिए एक ढलानदार संरचना प्रदान की गई है, जिसके निर्धारित दरवाजों पर आसान पहचान के लिए दिव्यांगजन लोगो प्रदर्शित किए गए हैं। यह ट्रेन दिव्यांगजन यात्रियों की सहायता के लिए स्वचालित दरवाजों से सुसज्जित है जो आसानी से खुलते और बंद होते हैं।



व्हीलचेयर उपयोगकर्ताओं के लिए सुगम पहुँच और आराम सुनिश्चित करने के लिए एक हल्का ढलान भी जोड़ा गया है। उनकी पहुँच को आसान बनाने के लिए निर्दिष्ट डिब्बों में पोर्टेबल रैंप उपलब्ध हैं, जिससे व्हीलचेयर का आसानी से आवागमन सुनिश्चित होता है। इसके अलावा, अतिरिक्त आस-पास की जगह वाले विशेष बैठने के क्षेत्र बनाए गए हैं, जिनकी पहचान कोच की साइड दीवार पर लगे दिव्यांगजन लोगो से होती है। यात्रा के दौरान स्थिरता और सुरक्षा के लिए हैंडरेल युक्त व्हीलचेयर पार्किंग की जगह उपलब्ध है। आसान पहचान और सुविधा के लिए स्टिकर और साइनेज स्पष्ट रूप से अंकित किए गए हैं।

श्री विनीत ने आगे बताया कि दृष्टिबाधित यात्रियों की सहायता के लिए, सीट संख्या, कोच के प्रवेश द्वार और शौचालय जैसे महत्वपूर्ण स्थानों पर ब्रेल लिपि साइनेज लगाए गए हैं, जिससे स्वतंत्र गतिशीलता और आराम की सुविधा मिलती है।

इन व्यापक अपग्रेडेशनों के साथ भारतीय रेल न केवल सुगम्यता को बढ़ा रही है, बल्कि सभी के लिए बाधा-मुक्त, समावेशी और सम्मानजनक यात्रा के अपने दृष्टिकोण को भी सुदृढ़ कर रही है। मुंबई सेंट्रल-गांधीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस पश्चिम रेलवे की एक गौरवशाली उपलब्धि है। यह राष्ट्रीय रेल नेटवर्क पर प्रगति, नवाचार और समावेशिता का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।

ऐसी पहलों के माध्यम से भारतीय रेल गति, आराम और समावेशिता को एकीकृत करके आधुनिक रेल यात्रा के मानकों को पुनः परिभाषित करना जारी रखे हुए है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि प्रत्येक यात्रा न केवल कुशल हो, बल्कि सभी यात्रियों की आवश्यकताओं के प्रति समान और सम्मानजनक भी हो।

# पश्चिम रेलवे विभिन्न गंतव्यों के लिए चलाएगी तीन जोड़ी फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनें

मुंबई,

पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा दिवाली एवं छठ पूजा के त्योहारी सीजन के दौरान उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से मुंबई सेंट्रल-शकूर बस्ती, बांद्रा टर्मिनस-गांधीधाम और साबरमती-हरिद्वार के बीच विशेष किराए पर फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इन ट्रेनों का विवरण इस प्रकार है:

1. ट्रेन संख्या 09003/09004 मुंबई सेंट्रल-शकूर बस्ती एसी सुपरफास्ट स्पेशल [92 फेरे]

ट्रेन संख्या 09003 मुंबई सेंट्रल-शकूर बस्ती एसी सुपरफास्ट स्पेशल प्रतिदिन मुंबई सेंट्रल से 10:30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 08:00 बजे शकूर बस्ती पहुँचेगी। यह ट्रेन 15 अक्टूबर से 29 नवंबर, 2025 तक चलेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09004 शकूर बस्ती-मुंबई सेंट्रल एसी सुपरफास्ट स्पेशल प्रतिदिन शकूर बस्ती से 10:15 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 10:30 बजे मुंबई सेंट्रल पहुँचेगी। यह ट्रेन 16 अक्टूबर से 30 नवंबर 2025 तक चलेगी।

यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, सूरत, भरूच, वडोदरा, रतलाम, नागदा, कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, हिंडौन सिटी, भरतपुर, मथुरा, कोसी कलां और दिल्ली सफदरजंग स्टेशनों पर रुकेगी।

इस ट्रेन में एसी-3 टियर कोच होंगे।

2. ट्रेन संख्या 09471/09472 बांद्रा टर्मिनस-गांधीधाम साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल [10 फेरे]

ट्रेन संख्या 09471 बांद्रा टर्मिनस-गांधीधाम साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल प्रत्येक मंगलवार को बांद्रा टर्मिनस से 12:30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 01:30 बजे गांधीधाम पहुँचेगी। यह ट्रेन 14 अक्टूबर से 11 नवंबर, 2025 तक चलेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09472 गांधीधाम-बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल प्रत्येक सोमवार को गांधीधाम से 20:20 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 09:45 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुँचेगी। यह ट्रेन 13 अक्टूबर से 10 नवंबर 2025 तक चलेगी।

यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, वापी, सूरत, वडोदरा, अहमदाबाद, हलवद और सामाख्याली स्टेशनों पर रुकेगी।

इस ट्रेन में एसी-2 टियर, एसी-3 टियर, स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास कोच होंगे।

3. ट्रेन संख्या 09425/09426 साबरमती-हरिद्वार द्वि-साप्ताहिक एसी स्पेशल [28 फेरे]

ट्रेन संख्या 09425 साबरमती-हरिद्वार द्वि-साप्ताहिक एसी स्पेशल प्रत्येक बुधवार और शनिवार को साबरमती से 08:50 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 05:30 बजे हरिद्वार पहुँचेगी। यह ट्रेन 15 अक्टूबर से 29 नवंबर, 2025 तक चलेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09426 हरिद्वार-साबरमती द्वि-साप्ताहिक एसी स्पेशल ट्रेन प्रत्येक गुरुवार और रविवार को हरिद्वार से 21:40 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 21:30 बजे साबरमती पहुँचेगी। यह ट्रेन 16 अक्टूबर से 30 नवंबर, 2025 तक चलेगी।

यह ट्रेन दोनों दिशाओं में महेसाणा, पालनपुर, आबू रोड, फालना, मारवाड़, अजमेर, किशनगढ़, जयपुर, गांधी नगर जयपुर, दौसा, अलवर, रेवाड़ी, गुड़गांव, दिल्ली कैंट, दिल्ली जंक्शन, गाजियाबाद, मेरठ सिटी, मुजफ्फर नगर और रुड़की स्टेशनों पर रुकेगी।

इस ट्रेन में एसी-3 टियर कोच होंगे।

ट्रेन संख्या की 09003, 09471, 09472 एवं 09425 की बुकिंग सभी पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर 12.10.2025 से शुरू होगी। ट्रेनों के ठहराव, संरचना और समय के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www. enquiry. indianrail. gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

# सआदतगंज में समाधान दिवस पर पुलिस उपायुक्त पश्चिमी ने सुनी जनता की समस्याएं, मिशन शक्ति केंद्र का किया निरीक्षण

लखनऊ। पुलिस-प्रशासन और आमजन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, थाना सआदतगंज में 'समाधान दिवस' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर, श्रीमान पुलिस उपायुक्त पश्चिमी लखनऊ ने स्वयं उपस्थित होकर जनसुनवाई की।

ऊ्ळढ पश्चिमी ने उपस्थित आमजन की समस्याओं को अत्यंत गंभीरता से सुना। उन्होंने मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों को सभी शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। समाधान दिवस के दौरान, लम्बित पड़े प्रकरणों की गहन समीक्षा की गई, और इस बात पर बल दिया गया कि पुलिस प्रशासन एवं जनता के मध्य विश्वास को और सुदृढ़ करने के लिए सभी स्तरों पर पारदर्शी कार्यप्रणाली अपनाई जाए।




जनसुनवाई के उपरांत, श्रीमान पुलिस उपायुक्त पश्चिमी लखनऊ ने मिशन शक्ति अभियान के तहत थाना सआदतगंज में स्थापित मिशन शक्ति केंद्र का भ्रमण एवं निरीक्षण भी किया। इस दौरान, उन्होंने महिला सुरक्षा और शिकायत निवारण से संबंधित महत्वपूर्ण रजिस्टरों का बारीकी से अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान जिन अभिलेखों की जाँच की गई, उनमें महिला हेल्प डेस्क, मिशन शक्ति रजिस्टर, एण्टी रोमियो टीम रजिस्टर, आगंतुक पंजी, और बीट सूचना रजिस्टर प्रमुख थे। महोदय ने सभी अभिलेखों के सही और व्यवस्थित रख-रखाव के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

ऊ्ळढ पश्चिमी ने विशेष रूप से महिला सुरक्षा से संबंधित शिकायतों के त्वरित एवं संवेदनशील निस्तारण पर बल दिया। उन्होंने इस संबंध में बेहतर कार्यप्रणाली सुनिश्चित करने हेतु मौके पर उपस्थित महिला बीट पुलिसकर्मियों से सीधे संवाद भी किया, जिससे महिला सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। यह पहल दशार्ती है कि पुलिस प्रशासन जनता की समस्याओं और महिला सुरक्षा को लेकर पूरी तरह सजग और गंभीर है।

# 'मैं रिकॉर्ड के बारे में नहीं सोचता, बस अच्छा प्रदर्शन करना चाहता हूँ'

**एशियन चैम्पियन गुलवीर सिंह, वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन 2025 से पहले बोले**

**भारत के शीर्ष एथलीट्स गुलवीर सिंह, अभिषेक पाल और मौजूदा चैंपियन लिली दास के नेतृत्व में करेंगे मुकाबला, 20वें संस्करण में दिखेगा जबरदस्त जोश और स्पर्धा**

नई दिल्लीः

भारत के प्रमुख धावक अब एक बार फिर वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन के मंच पर अंतरराष्ट्रीय एथलीट्स के साथ मुकाबले के लिए तैयार हैं। इस बार भारतीय एलीट धावकों की अगुवाई गुलवीर सिंह, अभिषेक पाल, किरण मातरे और मौजूदा चैंपियन लिली दास कर रहे हैं।

इस साल के एशियन एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में 5000 मीटर और 10,000 मीटर में दोहरी स्वर्ण पदक जीतने वाले गुलवीर सिंह पहली बार इस प्रतिष्ठित हाफ मैराथन में हिस्सा ले रहे हैं। हाल ही में उन्होंने विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2025, टोक्यो में 5000 मीटर फाइनल में जगह बनाने से सिर्फ 0.19 सेकंड से चूककर इतिहास रचने के करीब पहुंचे थे।

अपने शानदार सीजन पर बात करते हुए गुलवीर ने कहा,

'यह साल बहुत मेहनत भरा रहा है। मैंने कई बड़े खिलाड़ियों के साथ मुकाबले किए हैं। यह इस बात पर निर्भर करता है कि उस दिन शरीर कितना साथ देता है। मैं अपनी पूरी कोशिश करूंगा, लेकिन रिकॉर्ड के बारे में नहीं सोचता — मेरा लक्ष्य बस अच्छा प्रदर्शन करना है। यहां कई दिग्गज धावक दौड़ चुके हैं, इसलिए मैं इस रेस को लेकर बहुत उत्साहित हूं।'

भारतीय महिला एलीट वर्ग में मौजूदा चैंपियन लिली दास (1:18:12) ने कहा,

'मैं अच्छा महसूस कर रही हूं और जीत के इरादे से उतरूंगी। इस बार प्रतिस्पर्धा काफी कड़ी है और मुझे भरोसा है कि टाइमिंग भी बेहतरीन आएगी।'

अभिषेक पाल, जिन्होंने 2023 में जीत हासिल की थी, ने कहा,

'गुलवीर के आने से हम 60 मिनट के आसपास का टाइम निकाल सकते हैं और एक-दूसरे को बेहतर करने के लिए प्रेरित करेंगे। सीजन लंबा रहा है, लेकिन मौसम हमारे पक्ष में रहेगा जिससे गति बनी रहेगी।'

उन्होंने आगे कहा,

'रोड रेस हमारे लिए फिटनेस और सहनशक्ति की असली परीक्षा होती है। इससे हमें सीजन की तैयारी का अच्छा अंदाजा मिलता है।'

किरण मातरे ने कहा कि उनका लक्ष्य शुरूआती समूह के साथ गति बनाए रखना होगा।

'इस बार कई अंतरराष्ट्रीय एथलीट्स हैं जिनके पास 60 मिनट से कम के रिकॉर्ड हैं। उनके साथ दौड़ना ही प्रेरणा देता है। मैं कोशिश करूंगा कि उनके बराबर रहूं और उन्हें चुनौती दूं।'

अंकिता ध्यानी, जो पहली बार इस इवेंट में हिस्सा ले रही हैं और 2000 मीटर स्टीपलचेज की राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक हैं, ने कहा,

'ट्रेनिंग सिर्फ शारीरिक नहीं, मानसिक और भावनात्मक भी होती है। यही मैंने बड़े इवेंट्स में सीखा है। भारतीय धावक अब अंतरराष्ट्रीय स्तर के करीब पहुंच रहे हैं। अब विदेशों में ट्रेनिंग और मुकाबलों के साथ-साथ भारत में भी ऐसे इवेंट्स हमें बड़ा एक्सपोजर देते हैं।'

IN वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन 2025 — भारतीय एलीट एथलीट्स

पुरुष वर्ग

गुलवीर सिंह, अभिषेक पाल, किरण मातरे, हरमंजोत सिंह, मन सिंह, गौरव माथुर, लवप्रीत सिंह, धर्मेंद्र, अंकित देशवाल, अरुण राठौड़, कार्तिक करकेरा

कालिदास हिरावे, निखिल सिंह, मयंगम लुंगलेंग, साहिल गिल

हर्षद माठरे, क्रेस्टरजून पाथाव

मनोज कुमार, मोहम्मद अलीम

हरीश, प्रदीप चौधरी, शादाब पठान, मदीना पॉल

महिला वर्ग

लिली दास, कविता यादव, प्रीति लांबा, संजीवनी जाधव, अंकिता ध्यानी, सीमा (कोड 14734780), सोनिका परमार, उजाला सिंह, तंसी सिंह, रीणु संधू, रीमा पटेल, पूजा मंडा, पूजा, ज्योति सरोज, एकता रावत, आरती पवार,रविना गायकवाड़,भागीरथी बिष्ट

डिम्पल सिंह, निमार्बेन ठाकोर

कविता कालिरामन, अश्विनी जाधव.

# कैम्पस क्लाइमेट वातार्लीप' में गूंजा पर्यावरण संरक्षण का संदेश




**सरस्वती विद्या इंटर कॉलेज में विद्यार्थियों ने लिया जलवायु कार्रवाई का संकल्प**

लखनऊ, 11 अक्टूबर 2025` सरस्वती विद्या इंटर कॉलेज, लखनऊ में 'कैम्पस क्लाइमेट वातार्लीप' कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 45 विद्यार्थियों एवं 5 प्रमुख स्टेकहोल्डर्स — जिनमें विद्यालय की प्रिंसिपल, समाज सेविका एवं मीडिया प्रतिनिधि शामिल रहे ।

यह कार्यक्रम प्रवीरा सोशियो-कल्चरल वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा आयोजित किया गया, जिसे कम्युटिनी - द यूथ कलेक्टिव एवं वातार्लीप के समर्थन से आयोजित किया गया। यह पहल पूरे भारत में विभिन्न शहरों में युवाओं के बीच जलवायु संवाद और कार्रवाई को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से चलाई जा रही है।

कार्यक्रम का कुशल संचालन अंशुल भारती द्वारा किया गया। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को प्रज्ञा तिवारी द्वारा सम्मानित किया गया। स्वयंसेवक के रूप में अदिति, अर्पित, उत्कर्ष, विराट और श्रुति ने अपनी सक्रिय भूमिका निभाई।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने जलवायु परिवर्तन, प्लास्टिक प्रदूषण और सतत जीवनशैली पर सार्थक चर्चा की और यह संकल्प लिया कि वे अपने विद्यालय एवं समुदाय में पर्यावरण संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाएंगे।

# आज से पांच ग्रामीण शुरू करेंगे भूंख हड़ताल

(जीएनएस)।

ऐलिया ब्लाक मुख्यालय इमलिया सुल्तानपुर पर चार दिन से चल रहा अनिश्चित कालीन धरना पांचवे दिन भूंख हड़ताल में बदल गया। धरने का नेतृत्व कर रहे पत्रकार सरोज सिंह ने बताया कि प्रदेश की डबल इंजन सरकार प्रदेश को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के लिए जीरो टॉलरेंस नीति पर काम कर रही है। परन्तु प्रशासनिक अमला विकास के नाम पर पंचायतों को उपलब्ध कराई जा रही शासकीय धनराशि का बड़े पैमाने पर दुरूपयोग कर कार्यदाई संस्था खुद की तिजोरी भरने में लगी हैं। जिनकी शिकायत करने पर आरोपी का ही पक्ष लेकर फर्जी जांच रिपोर्ट लगाकर गुमराह कर देते हैं। ऐसा ही मामला पसनैका ग्राम पंचायत का है। श्री सिंह ने बताया कि बाउण्ड्रीवॉल, शौंचालय, विद्यालय कायाकल्प आदि सरकार की




प्राथमिकता में है। जिसकी रिपोर्ट बीसी के माध्यम ब्लाक के अधिकारी देते हैं। लेकिन ब्लाक के अधिकारी धरातल नहीं देखते हैं। परिणाम स्वरूप ऐसे भ्रष्टाचार को लेकर जब ग्रामीण धरना देने को विवस होते हैं। तो उनकी आवाज दबाने की कोशिश जिले के आलाधिकारी करते हैं। ऐसा ही खेला धरनारत पसनैका के ग्रामीणों के साथ किया जा रहा है। इसी से कुपित होकर धरने पर बैठे राजकुमार सिंह 50 , परवन 45 , प्रमोद 38 , सुनील कुमार 35 व मनोज कुमार 28 ने रविवार की सुबह से भूंख हड़ताल करने का एलान कर दिया है। जिसकी सूचना शुक्रवार को ब्लाक कार्यालय पर लिखित में दी थी। परन्तु बीडीओ ऐलिया की अनुपस्थिति में किसी कर्मचारी ने रिसीव करने की जहमत नहीं उठाई।

# अनिल अंबानी समूह के अधिकारी अशोक कुमार पाल मनी लॉन्ड्रिंग केस में गिरफ्तार

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (एऊ) ने अनिल अंबानी समूह की कंपनी रिलायंस पावर के शीर्ष अधिकारी और मुख्य वित्तीय अधिकारी (उत्रङ्ख) अशोक कुमार पाल को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई एनील अंबानी समूह से जुड़े कथित वित्तीय अनियमितताओं और बैंक धोखाधड़ी की जांच के तहत की गई है।

सूत्रों के मुताबिक, ईडी की यह कार्रवाई ₹17,000 करोड़ रुपये के कथित ऋण धोखाधड़ी प्रकरण से जुड़ी है। जांच एजेंसी का आरोप है कि रिलायंस ग्रुप की कुछ कंपनियों ने फर्जी बैंक गारंटी और फंड डायवर्जन के जरिए भारी वित्तीय अनियमितताएं की थीं।

ईडी ने हाल ही में इस मामले में 35 से अधिक ठिकानों पर छापेमारी की थी और इससे पहले एक अन्य आरोपी पार्थ सारथी बिस्वाल को भी गिरफ्तार किया था। बताया जा रहा है कि अशोक कुमार पाल अनिल अंबानी के करीबी सहयोगी हैं और वित्तीय लेन-देन से जुड़े अहम दस्तावेजों की जिम्मेदारी संभालते थे।

अधिकारियों के अनुसार, पाल को ईडी की टीम ने पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया और उन्हें अदालत में पेश किए जाने की तैयारी की जा रही है। यह मामला अनिल अंबानी समूह से जुड़े अब तक के सबसे बड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में से एक माना जा रहा है।

# आरोपी अजय सिंह पुलिस मुठभेड़ में घायल, साथी फरार

एवीएल

लखनऊ ; पारा निवासी कैब चालक योगेश कुमार पाल (29) की कार लूट के दौरान हत्या का खुलासा करते हुए पारा पुलिस ने शुक्रवार रात वारदात में शामिल बदमाश हरदोई पिहानी नेवढ़िया निवासी अजय सिंह को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया मौके से उसका एक साथी भागने में सफल रहा आरोपी के पास से लूटी गई कार और तमंचा बरामद किया घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि शुक्रवार रात पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि योगेश पाल की लूटी गई कार को बेचने के इरादे से कुछ बदमाश आगरा एक्सप्रेस पर आने वाला है। इस सूचना पर पुलिस व क्राइम ब्रांच की टीम ने किसान पथ और आगरा एक्सप्रेस वे के बीच पारा के बबूरियाखेड़ा स्थित आउटर रिंग रोड की सर्विस लेन के चेकिंग शुरू की इस बीच सफेद रंग की एक संदिग्ध कार आते देखा और पुलिस ने उसको रोकने का प्रयास किया पुलिस को देख कार चालक ने तेजी से गाड़ी बैक की और कार डिवाइडर से टकरा कर रूक गई कार चालक ने पुलिस टीम पर फायरिंग की और भाग गया। चालक की बगल की सीट पर बैठ दूसरा बदमाश भी कार से उतरा और पुलिस पर फायरिंग कर दी पुलिस ने भी जवाब में गोली चली और बदमाश



अजय सिंह के दाहिने पैर में गोली लगी गोली लगने ही वह वहीं गिर पड़ा पुलिस ने उसको पकड़ लिया घायल अजय सिंह को फौरन अस्पताल में भर्ती कराया गया डीसीपी ने बताया कि मौके से लूटी गई योगेश की कार और एक तमंचा मिला है। पूछताछ में घायल बदमाश अजय सिंह ने भागे हुए साथी का नाम गुरु सेवक बताया।

शाहजहांपुर में भी चालक हत्या कर गाड़ी लूटी थी

डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि कैब चालक योगेश से कार लूट व हत्या को अंजाम के बाद अजय सिंह ने सासाथियों के साथ मिलकर 6 अक्तूबर को शाहजहांपुर के रोजा में ट्रैवलर चालक अवनीश दीक्षित की हत्या कर गाड़ी लूटी थी। इस संबंध में शाहजहांपुर जनपद में केस दर्ज है। पूछताछ में घायल अजय ने वारदात में शामिल अपने कुछ साथियों के नाम भी बताए हैं। पुलिस उनकी तलाश में लगी है। डीसीपी ने बताया कि घायल अजय सिंह के खिलाफ पहले से चोरी व लूट के कुछ मुकदमे दर्ज हैं। उसके अन्य साथियों की तलाश की जा रही है। मूल रूप से उन्नाव बांगरमऊ के आसत मोहिउद्दीनपुर निवासी योगेश परिवार संग पारा के बुद्धेश्वर बादलखेड़ा में रहते थे। बीते 29 सितंबर की शाम करीब 6 बजे वह पत्नी वंदना से दोस्त की पत्नी को लेने सीतापुर जाने की बात कहकर कार लेकर घर से निकले थे। इसके बाद वह लापता हो गए थे। उनकी गुमशुदगी पारा थाने में दर्ज कराई गई थी। 30 सितंबर की रात उनका शव सीतापुर के सरियापुर इलाके में झाड़ियों के पास मिला था। चेहरे पर टेप लिपटा हुआ था। सिर पर चोट के निशान थे। उनकी कार, मोबाइल व फोन गायब था। इस मामले में पारा पुलिस ने उनकी गुमशुदगी को हत्या व लूट की धारा में तरमीम कर दिया था।

# एक देश लगाएगा टैरिफ तो हम 10 रास्ते खोलेंगे... भदोही में अंतरराष्ट्रीय कालीन मेले का शुभारंभ कर बोले सीएम योगी

भदोही, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को भदोही में 49वें अंतरराष्ट्रीय कालीन मेले और चौथे कार्पेट एक्सपो की शुरूआत की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि अमेरिकी टैरिफ से घबराने की जरूरत नहीं है। यह हमारे लिए नए अवसरों के द्वार खोलने का समय है। उन्होंने देश-विदेश से आए कालीन उद्यमियों और निर्यातकों के साथ संवाद करते हुए उन्हें भरोसा दिलाया कि प्रदेश सरकार हर स्थिति में उनके साथ खड़ी है।

योगी आदित्यनाथ ने कहा, 'जब भी चुनौतियां आती हैं, वे अपने साथ



अवसर भी लाती हैं। अमेरिका ने टैरिफ लगाया है, लेकिन यह केवल एक देश का निर्णय है। हम यूएई, यूके और अन्य देशों के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। आने वाले समय में ये समझौते हमारे उद्योगों के लिए नए बाजार खोलेंगे।'

अमेरिका, चीन और पाकिस्तान को एकसाथ बड़ा झटका...भारत ने चल दी ऐसी चाल, काबुल का 'किला' बनाने की तालिबान से हो गई डील

उन्होंने बताया कि सरकार ने इस विषय पर एक हाई-लेवल कमेटी का गठन किया है जो टैरिफ से उत्पन्न स्थिति पर लगातार काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 11 वर्ष पहले कार्पेट उद्योग बंदी के कगार पर था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भदोही, मिजार्पुर और वाराणसी के कार्पेट क्लस्टर को नई ऊर्जा मिली।

# पुस्तक समाज का दर्पण होती हैं : रीता बहुगुणा जोशी



**आज की युवा पीढ़ी इंटरनेट के माध्यम से किताबें खूब पढ़ रही है : रीता बहुगुणा जोशी**

**लखनऊ विश्वविद्यालय में ह्ययथार्थह्ल का लोकार्पण, प्रो. रीता बहुगुणा जोशी ने की सराहना**

लखनऊ विश्वविद्यालय के एपी सेन सभागार में 11 अक्टूबर 2025 शनिवार को उङ्ख प्रङ्ख सचिवालय में कार्यरत सर्वेश कुमार मिश्र द्वारा रचित काव्य संग्रह ह्ययथार्थह्ल का लोकार्पण पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं पूर्व सांसद प्रो. रीता बहुगुणा जोशी द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने सर्वेश कुमार मिश्र की लेखनी, संवेदनशीलता और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए कहा कि ह्लयथार्थ पुस्तक केवल एक कविता संग्रह नहीं, बल्कि समाज का दर्पण है, जिसमें चेतना, करुणा, संवेदना और साहस को खूबसूरती से पिरोया गया है।

प्रो. जोशी ने कहा कि यह भ्रम है कि आज की युवा पीढ़ी पुस्तकें नहीं पढ़ती। उन्होंने कहा, ह्लआज के युवा पहले से अधिक पढ़ रहे हैं, लेकिन ई-बुक्स के माध्यम से। इंटरनेट के माध्यम से दुनिया के श्रेष्ठतम लेखक युवाओं की पहुंच में हैं।ह्व उन्होंने कहा कि साहित्य न केवल समाज का दर्पण है, बल्कि संस्कृति का संरक्षक भी है। उन्होंने सर्वेश कुमार मिश्र की कार्यशैली की सराहना करते हुए प्रत्येक दो वर्ष में एक नई पुस्तक प्रकाशित करने का आग्रह किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व आईएएस अधिकारी एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉङ्ख राम मनोहर मिश्र ने ह्ययथार्थह्ल में संग्रहित कविताओं की गहन समीक्षा करते हुए बताया कि यह संग्रह आम जनजीवन की अनुभूतियों का सार है। माँ के महत्व पर लिखी गई कविता को उद्धत करते हुए उन्होंने कहा कि साहित्य का वास्तविक मूल्य तभी है जब वह लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाए। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि लखनऊ विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के अध्यक्ष प्रो. पवन अग्रवाल ने कविता की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि "कल्पना और यथार्थ के सामंजस्य से उपजी कविताएं ही समाज के लिए उपयोगी सिद्ध होती हैं।" उन्होंने ह्ययथार्थह्ल को "स्वान्तः सुखाय और बहुजन हिताय" के सुंदर समन्वय का उदाहरण बताया। वरिष्ठ

साहित्यकार डा पवनपुत्र बादल ने एक लेखक की अनुभूति की तुलना उस पिता से की जो कन्यादान करते समय गर्व का अनुभव करता है। उन्होंने कहा कि भारतीय साहित्य हमेशा से लोककल्याण के लिए लिखा गया है और ह्ययथार्थह्ल इसी परंपरा को आगे बढ़ाता है। सचिवालय सेवा में सेवारत श्री मुक्तिनाथ झा ने कहा कि "साहित्य की पांचों विधाओं का सम्मिलन ह्ययथार्थह्ल में देखने को मिलता है। इसकी कविताएं लोकमंगल की भावना से ओत-प्रोत हैं।"

वरिष्ठ पत्रकार एवं संपादक सुरेंद्र अग्निहोत्री ने बताया कि इस संग्रह में कुल 78 कविताएं हैं, जिनमें कवि ने समाज की विसंगतियों, मानवीय चिंताओं, और आने वाली चुनौतियों को अत्यंत मार्मिक ढंग से अभिव्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि "सर्वेश कुमार मिश्र उन संवेदनशील रचनाकारों में हैं, जिन्हें गली में घूम रही गाय और भूखे स्वान की चिंता भी उतनी ही होती है जितनी समाज की बड़ी समस्याओं की होती है।"

कार्यक्रम में श्रवण कुमार सेठ ने यथार्थ में संकलित "गाँव की सैर" व अमरेंद्र द्विवेदी ने "पिता" को समर्पित कविताओं का काव्य-पाठ कर श्रोताओं को संवेदनाओं के सागर में उतार दिया। साहित्यकार आशुतोष पाण्डेय,अमरेन्द्र दिवेदी समेत कई साहित्य प्रेमी, विश्वविद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थी और गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन व माँ सरस्वती पर माल्यार्पण से हुआ, कला मंडपम बैंड के हरीश शुक्ल व उनकी टीम ने सरस्वती वंदना की तत्पश्चात मंचासीन अतिथि द्वारा पुस्तक यथार्थ का विमोचन हुआ। कार्यक्रम का संचालन श्री अशोक शुक्ल व प्रो. बलवंत सिंह के अदुभुत कौशल से गरिमा पूर्ण वातावरण में हुआ और अंत में कवि सर्वेश कुमार मिश्र ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

# महर्षि बाल्मीकि जयंती के पावन अवसर पर कवि सम्मलेन का आयोजन




फतेहाबाद में महर्षि बाल्मीकि जयंती के पावन अवसर पर अखिल भारतीय विराट कवि सम्मलेन का आयोजन बहुत ही धूमधाम से किया गया` पूरा कार्क्रम प्रीतम नायक की अध्यक्षता में किया गया` मंच का संचालन भी प्रीतम नायक ही कर रहे थे` मंच संचालन से उन्होंने सभी श्रोता का दिल जीत लिया` वहीँ बिहार से आई कवयित्री सम्पदा ठाकुर ने आपने काव्य पाठ से कार्यक्रम में आए सभी का दिल जीत लिया` उनकी कविता दूरियों में भी भला दूर कहाँ होता. है, इश्क तन्हाइयों में जवां होता. है` इस कविता से वहाँ आए सभी श्रोता झूम उठे` कवि राजदीप ने भी लोगों को खूब हँसाया` जाने माने यूपी के हास्य कवि कामता माखन ने आपने हास्य कविता से समाॅ बांध दिया` कार्क्रम में जगदीश नायक, गुलशन हंस, जोनी खट्टर, एवं अध्यक्ष मनदीप योगी उपस्थित रहे`

# रायबरेली के पीड़ित परिवार के आंसू की हर बूंद का हिसाब लिया जाएगा : सीएम योगी

(जीएनएस)। यूपी के रायबरेली में चोर होने के शक में भीड़ की पिटाई में मारे गए फतेहपुर के हरिओम वाल्मीकि के परिजनों ने आज सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की. इस मुलाकात में सीएम ने पीड़ित परिवार से कहा है कि उनके आंसू की हर बूंद का हिसाब लिया जाएगा और न्याय दिलाया जाएगा. सीएम ने यह भी कहा कि प्रदेश सरकार न्यायालय में पैरवी करके आपोरियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने का प्रयास करेगी.

'बाबा सिर्फ आप ही दलितों की रक्षा कर सकते हैं'

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लखनऊ स्थित सरकार आवास में हुई इस मुलाकात के बाद पीड़ित की पत्नी बोलीं कि बाबा सिर्फ आप ही दलितों की रक्षा कर सकते हैं. उन्होंने कहा कि वो सरकार की कार्रवाई से पूरी तरह संतुष्ट हैं और न्याय मिलने का विश्वास है. मृतक की पत्नी संगीता बाल्मिकी अपने पिता छोटे लाल और बेटी अन्यना के साथ सीएम योगी से मुलाकात करने लखनऊ पहुंचीं थीं.

'परिवार को मिलेगा मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत आवास'



मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवार को आवास व सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का भरोसा दिया है. मुख्यमंत्री ने कहा कि, "परिवार को मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत आवास दिया जाएगा. साथ ही संगीता वाल्मीकि को उनके कार्यस्थल पर स्थायी नौकरी दी जाएगी और सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं से परिवार को संतृप्त किया जाएगा. दलितों, वंचितों और शोषितों की सुरक्षा और सम्मान राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है."

'योगी सरकार की कार्रवाई से पूरी तरह संतुष्ट'

मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद मृतक की पत्नी संगीता बाल्मिकी ने कहा कि, "मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हमें हर स्तर पर सहायता दी है. मैं उनकी आभारी हूं. बाबा ही हैं जो दलितों की रक्षा कर सकते हैं. हम योगी सरकार की कार्रवाई से पूरी तरह संतुष्ट हैं और न्याय मिलने का विश्वास है. मृतक की पत्नी रायबरेली में एक बैंक में अस्थाई तौर पर सफाई कर्मचारी का काम करती हैं."

क्या था पूरा मामला?

रायबरेली में हरिओम वाल्मीकि को चोर होने के शक में भीड़ ने पीट पीटकर मार डाला था. हरिओम फतेहपुर का रहने वाला था और घटना वाली रात वो अपने रायबरेली स्थित ससुराल में पत्नी और बेटी से मिलने जा रहा था. अंधेरे में लोगों ने उसे चोर समझकर पीट दिया. इस दौरान हरिओम ने राहुल गांधी का नाम ले लिया और इस घटना का वीडियो वायरल होने के बाद इस मामले में राजनैतिक रंग ले लिया था.

# आठवाँ वेतन लागू होने तक केंद्र सरकार अंतरिम राहत शीघ्र - डॉ अंसारी , उप सचिव , पूउरे पेंशनर्स एसोसिएशन




छपरा 11 अक्टूबर ।पूर्वोत्तर रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन छपरा के उप सचिव डॉ ए एच अंसारी ने बताया कि पूर्वोत्तर रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन छपरा शाखा की मासिक बैठक 10 बजे पूर्वाह्न से पराशर कम्प्लेक्स भगवान बाजार में हुई। बैठक की अध्यक्षता विश्व मोहन सिंह ने किया। उप सचिव डॉ अंसारी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार आठवाँ वेतन आयोग गठित कर 1 जनवरी 2026 से नया वेतनमान और पेंशन लागू करे। इसके लागू होने तक केंद्र सरकार पेंशनर्स तथा कर्मचारियों को अंतरिम राहत की भुगतान करे। पेंशनर्स के कई ज्वलंत मुद्दे हैं जिसे केंद्र सरकार इग्नोर कर रही है। पूर्वोत्तर रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन की मांग है कि केंद्र सरकार मेडिकल भत्ता तीन हजार करे , इंपैनल्ड अस्पताल में बिना रेफर कैशलेश इलाज करने , पेंशनर्स को भी तदर्थ बोनस देने तथा अठारह माह का फ्रीज मँहगाई राहत भत्ता एरियर के साथ भुगतान करने आदि हैं। हमें जागरूक रहकर सरकार पर दवाब बनाने की जरूरत है। जिन पेंशनर्स का जन्मदिन अक्टूबर माह में है उन सभी को शुभकामनाएं देते हुए दीघार्यु जीवन की मंगलकामनाएं की। शाखा सचिव मिथिलेश कुमार सिंह ने अपने संबोधन में पूर्वोत्तर रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन छपरा की उपलब्धियों को विस्तृत रूप से रखा और कहा कि हमें अपनी संख्या बढ़ाने की जरूरत है। इससे हम केंद्र सरकार पर दबाव बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की मंशा ठीक नहीं लग रही है।आठवें वेतन आयोग में विलंब हो रहा है। केन्द्र सरकार की कोई कुठाराघात पेंशनर्स कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे। ऐसा करना केंद्र सरकार को मँहगा पड़ेगा। इससे पेंशनर्स के बीच भारी आक्रोश है। उन्होंने सरकार से माँग की पेंशनरों के साथ भेदभाव सरकार नहीं करे। साथ ही 65 , 70 , 75 वर्ष आयु पर क्रमशः 5 ,10 ,15 प्रतिशत अतिरिक्त भत्ता की माँग केंद्र सरकार से की। उन्होंने कहा कि पेंशन सेवानिवृत्त कर्मचारियों का हक है , पेंशन कोई भीक नहीं है। विश्व मोहन सिंह ने सरकार से यह माँग किया कि वर्तमान में जो पेंशन कम्यूटेशन अवधि पन्द्रह साल है , यह बिल्कुल अनुचित है। पेंशन कम्यूटेशन अवधि को घटाकर ग्यारह साल किया जाय। साथ ही कोरोना काल में फ्रीज किए गए अठारह महीने के मँहगाई भत्ता एवं मँहगाई राहत के एरियर की भुगतान भी शीघ्र करें। अगर केंद्र सरकार आठवें वेतन आयोग में पेंशनर्स एवं पारिवारिक पेंशनर्स के इन माँगों की अनदेखी करेगी तो पेंशनर्स समाज राष्ट्र स्तरीय आंदोलन के लिए मजबूर होगा। इसलिए सरकार को आठवें वेतन आयोग में पेंशनर्स हितों का विशेष ध्यान रखना होगा। उन्होंने कहा कि सभी पेंशनर्स समय से अपना लाइफ सर्टिफिकेट अपने - अपने बैंकों में जमा करें। ओमप्रकाश पराशर ने शाखा की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए सदस्यता बढ़ाने पर जोर दिया तथा सभी पेंशनर्स का आई कार्ड एवं ई-उमीद कार्ड बनाने पर जोर दिया। जिन पेंशनर्स का अक्टूबर माह में जन्मदिन है , उनको शुभकामनाएं दिया। बैठक को सम्बोधित करने वालों में विश्व मोहन सिंह , मिथिलेश कुमार सिंह , राज कुमार श्रीवास्तव , सुरेन्द्र सिंह , पी के मांझी , मुंद्रिका प्रसाद आदि हैं।

# सपेरे की बर्बर हत्याः प्राइवेट पार्ट काटा, हाथ-पैर बांधकर कुएं में फेंका! पत्नी को गाली देने पर दोस्त बना हत्यारा

## मिजार्पुर में सपेरे अंतू नाथ की बेरहमी से हत्या, पत्नी को गाली देने से नाराज दोस्तों ने प्राइवेट पार्ट काटा, शव कुएं में फेंका, 3 गिरफ्तार

मिजार्पुर (उत्तर प्रदेश): उत्तर प्रदेश के मिजार्पुर में एक सपेरे की निर्मम हत्या का सनसनीखेज खुलासा हुआ है। विंध्याचल पुलिस ने लगभग तीन हफ्ते से लापता चल रहे अंतू नाथ नामक सपेरे के सड़े-गले शव को झाड़ियों के बीच स्थित एक कुएं से बरामद किया है। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतक के तीन दोस्तों को गिरफ्तार कर लिया है, जिन्होंने पूछताछ में अपना जुर्म कबूल कर लिया है।

दोस्तों ने ही की थी सपेरे की बेरहमी से हत्या

पुलिस द्वारा दी गई विस्तृत जानकारी के अनुसार, प्रयागराज के थाना बारा, सज्जी का पूरा, लोहगरा का रहने वाला अंतू नाथ विंध्याचल इलाके में रहकर सपेरे का काम करता था और घरों से सांप निकालने तथा सांप दिखाकर पैसे कमाने का काम करता था। इसी दौरान उसकी दोस्ती विंध्याचल के नीरज कुमार चौहान,



सुनील कुमार चौहान और किशन कुमार चौहान से हो गई थी। ये चारों अक्सर साथ में खाते-पीते थे। बताया गया है कि एक दिन मृतक अंतू नाथ ने आरोपी सुनील कुमार चौहान की पत्नी को अपशब्द कह दिए थे, जिसके बाद से सुनील उससे नाराज चल रहा था।

पत्नी को गाली देने का लिया खौफनाक बदला

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि पत्नी को गाली देने की रंजिश में सुनील कुमार चौहान ने अपने भाई नीरज कुमार चौहान और साथी किशन कुमार चौहान के साथ मिलकर अंतू नाथ की हत्या की साजिश रची। 15 सितंबर को उन्होंने अंतू नाथ को अपनी अपाचे मोटरसाइकिल पर बैठाया और विंध्याचल थाना क्षेत्र के कालिखोह की झाड़ियों में ले गए। वहाँ उन्होंने अंतू नाथ के साथ बेरहमी से मारपीट की। मारपीट के दौरान आरोपियों ने मृतक के गुप्तांग पर भी वार किया और उसके सर पर मारकर बेहोश कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

साक्ष्य छुपाने के लिए कुएं में फेंका गया शव

हत्या को अंजाम देने के बाद साक्ष्य (एविडेंस) छुपाने की नीयत से आरोपियों ने अंतू नाथ के हाथ-पैर बांधे और उसके सड़े-गले शव को झाड़ियों में स्थित एक जहरीले कुएं में फेंक कर फरार हो गए। मृतक के पिता कंचन नाथ ने 17 सितंबर को थाना विंध्याचल में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसके बाद पुलिस ने जाँच शुरू की। 8 अक्टूबर को विंध्याचल थाना क्षेत्र के कालिखोह की झाड़ियों में शव मिलने की सूचना पर पुलिस ने उसे कुएं से बाहर निकलवाया और परिजनों से शिनाख्त करवाई।

तीनों आरोपी गिरफ्तार कर जेल भेजे गए

सदर सीओ अमर बहादुर ने इस पूरे मामले का खुलासा करते हुए बताया कि मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने हत्या और साक्ष्य छुपाने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने तीनों आरोपी नीरज कुमार चौहान, सुनील कुमार चौहान और किशन कुमार चौहान को गिरफ्तार कर लिया है और उन्हें जेल भेज दिया गया है। पुलिस मामले की गहनता से जाँच कर रही है।

# मॉ की दहलीज


दहलीज पे बैठी है माँ, आस है पुकार की,
हर साँस में गूँजती है चाहत त्योहार की।
हर साल सजे दीए, पर दिल बुझा हुआ,
रोशन नहीं होती वो चौखट इंतजार की।
मीठे में भी कसक है, खुशबू में तन्हाई,
मिठास ढूँढती है यादें उस प्यार की।
हर आहट पे धड़कता है दिल जैसे कहे,
अब आ भी जाओ ओ सूरत दीदार की।
खिलौने पुराने, तस्वीरें, चिट्ठियाँ सब,
बनती निशानी हैं बीती उस बहार की।
कहती तो है "रहो खुश जहाँ भी रहो", मगर,
आँखें दुआ माँगती हैं फिर से दीदार की।
वक्त बदल जाए, पर ह्यप्रीतह्ल नहीं बदलती माँ,
हर पर्व में महकती है खुशबू उसके प्यार की।



हरप्रीत सिंह

# उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री श्री दानिश आजाद अंसारी जी ने आज सुबह 6 बजे मुंबई में आयोजित सरदार पटेल रन फॉर यूनिटी मैराथन की शुरूआत की




मुंबई विशेष

उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज श्री दानिश आजाद अंसारी जी ने आज सुबह 6 बजे मुंबई में आयोजित सरदार पटेल रन फॉर यूनिटी मैराथन की शुरूआत की।

10 किलोमीटर, 5 किलोमीटर एवं 3 किलोमीटर के इस मैराथन में मुंबई के हजारों युवाओं ने भाग लिया!

मैराथन में आए हुए युवाओं को संबोधित करते हुए माननीय मंत्री श्री दानिश आजाद अंसारी जी ने कहा कि आज मुंबई की सड़कों से पूरे देश में एकता और भाईचारे का एक संदेश गया है, हजारों की यह भीड़ बताने के लिए काफी है कि प्रधानमंत्री मोदी जी का विकसित भारत 2047 का जो संकल्प है उसे संकल्प पर पूरा भारत एकजुट होकर आगे बढ़ रहा है। विपक्ष पर निशाना साधते हुए दानिश आजाद अंसारी जी ने कहा कि आज इसी एकजुटता को देखकर विपक्ष परेशान है और लगातार समाज के बीच में भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहा है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार देश को समृद्धि और विकास की तरफ आगे ले जाना चाहती है लेकिन विपक्ष देश के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने की नियत रखता है। युवाओं से खासतौर पर अपील करते हुए श्री दानिश आजाद अंसारी जी ने कहा कि हमें फिट इंडिया मुहिम के साथ जुड़कर अपने भारत को फिट और हेल्दी रखना है, भारत के विकास में हर भारतीय की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण है।